आकाशवाणी चंडीगढ़

24 मार्च 2025, समय 1810

समाचार

- केंद्र सरकार ने प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त किया।
- भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को हिसार के महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का शुभारंभ करेंगे।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को गेहूं, जौ, चना व सूरजमुखी की खरीद के लिए सभी आवश्यक प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए।
- हरियाणा में आज विश्व तपेदिक दिवस पर लोगों को तपेदिक के इलाज बारे जागरूक किया गया।

***********************************************************************

केंद्र सरकार ने प्याज पर 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क समाप्त कर दिया है। नई दिल्ली में आज केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्याज पर निर्यात शुल्क समाप्त होने से किसानों की उपज बिना शुल्क के वैश्विक बाजारों में पहुंच सकेगी और उन्हें अधिक मूल्य मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि घरेलू उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पिछले वर्ष 13 सितंबर से 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क लागू किया गया था। केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अनुमान के अनुसार इस वर्ष रबी उत्पादन दो करोड़ 27 लाख मीट्रिक टन होने की संभावना है। यह पिछले वर्ष की तुलना में 18 प्रतिशत अधिक है।

************************************************************************

भारतीय जनता पार्टी ने आज कांग्रेस पर वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ बी जे पी नेता रविशंकर प्रसाद ने धर्म आधारित आरक्षण को लेकर कांग्रेस पर सवाल उठाए और उसकी नीति निर्माण को अदूरदर्शी बताया।

श्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि संविधान में इस तरह के आरक्षण की अनुमति नहीं है।

***********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 अप्रैल को महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का भी करेंगे।हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज चंडीगढ़ में एक पत्रकार वार्ता में यह जानकारी दी।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी, भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के राज्यस्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यमुनानगर स्थित दीनबंधु चौधरी छोटूराम ताप ऊर्जा सयन्त्र की 800 मेगावाट की नई इकाई का शिलान्यास भी करेंगे। यह इकाई 7 हजार 272 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होगी। जो 2300 मेगावाट वाले मौजूदा संयंत्र का विस्तार है उन्होंने बताया कि इस परियोजना को पूरा करने के लिए 52 महीने का समय निर्धारित किया गया है जबकि वाणिज्यिक संचालन 48 महीनों के अंदर शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस इकाई से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3हजार 382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।उन्होंने बताया कि हिसार में 4200 एकड़ में हवाई अड्डा और 3 हज़ार एकड़ में समेकित विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किया जा रहा है। हवाई अड्डे के विकास योजना 3 चरणों में पूरी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पहले चरण का काम पूरा हो चुका है

***********************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रबी खरीद सीजन 2025-26 के लिए गेंहू, जौ, चना व सूरजमुखी की खरीद करने वाली सभी चारों खरीद एंजेंसियों के अधिकारियों को समय रहते सभी आवश्यक प्रबंध पूरे करने के निर्देश दिए हैं। इस बार एजेंसियों ने 75 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य रखा है।

गेहूं, जौ और चने की खरीद एक अप्रैल से आरंभ की जाएगी जबकि सूरजमुखी की खरीद पहली जून से शुरू होगी। गेहूं की खरीद के लिए 415 मंडिया, जौ के लिए 25, चने के लिए 11 और सूरजमुखी के लिए 17 मंडिया कायम की गई हैं। सरसों की खरीद 15 मार्च से 116 और मसूर की खरीद 20 मार्च से 7 मंडियों में की जा रही है।

मुख्यमंत्री आज फसल खरीद की तैयारियों को लेकर चंडीगढ़ में बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि गेहूं की खरीद के लिए पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं और किसानों को मंडियों में फसले बेचने में कोई दिक्कत न आए। मुख्यमंत्री ने मंडी बोर्ड के अधिकारियों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर मंडियो में खाली पड़े स्थानों पर बड़े शैडों का निर्माण करने के निर्देश भी दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को मंडियों में बारदाने की कमी नहीं रहने देने और आढ़तियों द्वारा किसानों को बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था सुनिच्छित करने को भी कहा है। उन्होंने किसानों व व्यापारियों की शिकायतों के समाधान के लिए एक टोल फ्री किसान कॉल सेंटर संचालित करने की हिदायत भी की है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को प्रायोगिक परियोजना के आधार पर रबी फसलों की खरीद अवधि को 15 से 20 दिन जारी रखने का कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए ताकि किसानों को फसल बेचने में असुविधा न हो।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रबी खरीद विपणन सीजन 2025-26 के लिए 6653.44 करोड़ रुपये की कैश क्रैडिट लिमिट पहले ही स्वीकृत की जा चुकी है। मंडियों से निकासी गेट पास जारी होने के 48 से 72 घटों में किसानों के खाते में सीधा भुगतान करने की सरकार की प्रतिबद्धता को कायम रखा जाएगा।

****************************************************************************

हरियाणा में आज विश्व तपेदिक दिवस पर कई जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।केंद्र सरकार द्वारा चिन्हित प्राथमिकता वाले जिलों में सौ दिन का टी.बी. उन्मूलन अभियान भी चलाया जा रहा है ताकि तपेदिक के छूटे हुए मामलों का पता लगाया जा सके, मृत्यु दर में कमी लाई जा सके और नए मामलों को रोका जा सके।हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल ने आज मीडिया से बातचीत में कहा कि प्रदेश सरकार तपेदिक रोग के खात्मे को लेकर गंभीरता से काम कर रही है।

जींद में हमारे संवाददाता ने विश्व तपेदिक दिवस के उपलक्ष्य में नागरिक अस्पताल में छाती रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वनीता से बातचीत उन्होंने कहा कि लक्षण प्रकट होने पर समय रहते अस्पताल आने से रोगी को आसानी से बचाया जा सकता है।

उन्होंने बताया की अब टीबी का उपचार पहले से काफी आसान हो गया है पूर्व में इसके उपचार के लिए रोगी को टीके भी लगाए जाते थे लेकिन अब आधुनिक तकनीक के चलते मुह से खाने वाली दवाओं से ही इसका उपचार हो जाता है । रोगी को केवल छ माह ही दवा खानी पड़ती है।

****************************************************************************

जैविक खेती को बढ़ावा देने व बेहतर स्वास्थ्य के लिए किसान युवा क्लब ने भिवानी में राष्ट्रीय स्तरीय किसान वसंत महोत्सव का आयोजन किया और जैविक खेती को लेकर , किसानों के साथ चर्चा की।किसान युवा क्लब के सदस्य राकेश बेनीवाल ने बताया -

किसान वसंत महोत्सव में हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश राजस्थान से जैविक खेती करने वाले किसानो ने भाग लिया। इस अवसर पर जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक ऐप भी जारी किया।

**********************************************************************

नरवाना पुलिस ने अंतर्राजीय नशा तस्करी में लिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 110 किलो 500 ग्राम डोडापोस्त बरामद किया है। उप पुलिस अधीक्षक अमित भाटिया ने बताया कि तीनों नशा तस्करों पंकज कुमार, अमन सिंह और अनिल सिंह उर्फ शीलू, को एक गुप्त सुचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। राजस्थान के कोटा से डोडापोस्त लेकर तेली खेड़ा गांव के रास्ते से गुजरते समय उन्हें काबू किया गया। उनकी कार से डोडापोस्त के 6 कट्टे बरामद किए गए।